हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून, 2025

11 संत कबीरदास ने रूढ़ियों-अंधविश्वासों पर किया...



12 अनेक गांवों के करीब 150 जोहड़ सूखे, पशु-पक्षी...






## खबर संक्षेप

### हॉकी सब जूनियर टीम का चयन 13 को

**चरखीदादरी।** जिला हॉकी एसोसिएशन द्वारा इस महीने के अंत में नरवाना में होने वाली सब-जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए जिला की टीम का चयन किया जाएगा। चयन शुक्रवार 13 जून को राजीव गांधी स्टेडियम अचीना में होगा। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को दोपहर 3 बजे तक राजीव गांधी स्टेडियम अचीना में जन्म तिथि प्रमाण के साथ पहुंचना होगा। चयन में केवल 1 जनवरी 2009 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को लगेगी

**तोशाम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के दिशा-निर्देश पर तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को स्थानीय न्यायालय परिसर में किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा।

# कर्जदारों से परेशान होकर निगला जहर, मौत, सुसाइड से खुला राज

## मामला दर्ज नहीं करने पर परिजनों ने शव लेने से किया इंकार, लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा





**बवानीखेड़ा।** जाम लगा रहे लोगों को समझाते हुए और कस्बे में प्रदर्शन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

बवानीखेड़ा के युवा नेता (हरीश गुलाटी) ने जहर निगल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जांच पड़ताल के दौरान मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला। जिसमें आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए कर्ज देने वाले चार लोगों को जिम्मेदारी ठहराया है।

मंगलवार सुबह बवानीखेड़ा पुलिस अस्पताल में बयान लेने पहुंची। परिजन जब बयान दर्ज करवाने लगे तो पुलिस ने कुछ आनाकानी की। इस पर पीड़ित बिफर गए और शव लेने से इंकार कर दिया। बाद में पुलिस के रवैये के विरोध में बवानीखेड़ा में समाज के लोगों की पंचायत हुई और इसी दौरान पीड़ितों की तरफ से कस्बे के लोगों ने जाम लगा दिया। समाचार लिखे जाने तक वाहनों का आवागमन से बंद था। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार देर शाम बवानीखेड़ा निवासी एवं युवा नेता हरीश गुलाटी ने अपने आवास पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसको उल्टियां होने लगी तो परिजनों को जानकारी लगी। उसको आनन फानन में सामान्य अस्पताल लेकर गए। वहां पर हालत खराब होने की वजह से भिवानी रेफर कर दिया,लेकिन देर रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भिवानी के सामान्य अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी मिला। पुलिस ने सुसाइड नोट को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस मृतक के परिजनों के बयान दर्ज करने लगी और मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुट गई।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस उनके बयानों के आधार पर मामला दर्ज नहीं कर रही। जिस वजह से पीड़ित परिवार के लोग शव को पोस्टमार्टम गृह में ही छोड़कर चले गए। कस्बा बवानीखेड़ा पहुंचकर लोगों ने बड़े गुरुद्वारे में बैठक का आयोजन किया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर रोष जताया। कस्बे के लोग हांसी भिवानी मार्ग पर उतर आए और वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। इस दौरान मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई। जाम की सूचना मिलते ही बवानीखेड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई,लेकिन समाचार लिखे जाने तक उक्त मार्ग से वाहनों का आना व जाना पूरी तरह से बंद था। करीब तीन बजे लोग जाम खोलने को राजी हुए। द

सरी तरफ थाना प्रभारी शिवेकुमार सैनी ने बताया कि अभी उनको शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### कर्ज मांगने वालों ने किया जीना हराम

मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में बताया गया कि उसने चार लोगों से कर्ज लिया हुआ है। वे बार बार पैसे की मांग कर रहे है। कभी फोन पर धमकाते है तो कभी जान से मारने की धमकी देते हे। एक युवक ने तो हाथापाई भी की। उनके दबाव में यह कदम उठाने पर मजबूर है।

### नौकरी के नाम पर युवक कर रहे थे परेशान

मृतक हरीश ने सुसाइड नोट में बताया कि युवकों के भले के लिए उसने कुछ युवकों को रोजगार भी दिलाया। उसके बाद लालच में उनसे कुछ पैसे भी लिए। पैसे अकेले नहीं बल्कि कस्बे तीन अन्य लोगों ने भी उस पैसे को खाया है। अब वे सभी पैसे देने से इंकार कर गए। ये सभी युवक कभी घर पर तो कभी ऑफिस पहुंचकर उस पर पैसा वापस करने या नौकरी लगवाए जाने का दबाव डालते। उन सभी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।

**आरोपी घर पर देखने के लिए आए:** मृतक के भाई साहिल ने बताया कि कल शाम को उसके भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और उसको उल्टियां लगी हुई थी। वे सब उसको बचाने में जुटे थे। उन्होंने बताया कि जिनके कारण उसके भाई ने यह कदम उठाया है। वे सभी आरोपी उसके घर पहुंचे और यह जानकारी ली कि मृतक हरीश ने वास्तव में जहरीला पदार्थ खाया है या फिर कोई ड्रामा कर रहा है। मृतक के भाई ने भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# दो लुटेरों को 10-10 साल की जेल और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ लुटेरों ने पीड़ित को लिफ्ट देकर फंसाया था जाल में

अदालत ने एक युवक को लिफ्ट देने के बहाने लूटने के दो आरोपियों को दस-दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार

हिमांशु निवासी बापोड़ा ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दो जून की रात को गांव बापोड़ा जाने के लिए वैश्य कॉलेज चौक के पास साधन का इंतजार कर रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर दो लड़के आए जिन्होंने बापोड़ा के लिए लिफ्ट देने की बात कही थी हिमांशु के द्वारा उनके साथ बैठने पर कुछ दूर चलने पर दोनों आरोपी शिकायतकर्ता का पर्स, मोबाइल फोन व सामान छीन कर ले गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। थाना सदर पुलिस भिवानी के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। न्यायालय के द्वारा अभियोग के ट्रायल के दौरान आरोपियों को दोषी पाते हुए प्रत्येक आरोपी को 10 वर्ष की कैद व 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय के द्वारा आरोपी अक्षय पुत्र रूपाला निवासी बीपीएल बस्ती तोशाम जिला भिवानी व मोहित उर्फ मोनी पुत्र महेंद्र निवासी बीपीएल कॉलोनी सांगवान रोड तोशाम जिला भिवानी को सजा व जुर्माना लगाया है।

### हाथ-पैर काटने के दोषी को 7 साल की जेल

**भिवानी।** अदालत ने घर में घुसकर व्यक्ति के हाथ व पैर काटने के आरोप में सात साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजीव निवासी गारणपुरा खुर्द ने थाना तोशाम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शिकायतकर्ता व उसका भाई खेत में काम करने के लिए गए हुए थे जो घर पर उनके पिता प्रताप पुत्र जयमल थे जो संजीव को फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि उनके पिता को कुछ व्यक्तियों के द्वारा घर में घुसकर उनके हाथ काट कर जानलेवा हमला किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। थाना तोशाम के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। न्यायालय के द्वारा अभियोग के ट्रायल के दौरान आरोपी को दोषी पाते हुए आरोपी को 07 वर्ष की कैद व आरोपी पर 12,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# नाबालिग बेटा बेटी की हत्या का आरोपित पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ अदालत ने आरोपित पिता को जेल भेजा

थाना सदर पुलिस भिवानी ने गांव धनाना में अपने ही बेटे व बेटी की हत्या करने के मामले में आरोपित पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेवा पत्नी आजाद सिंह निवासी धनाना ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुभाष जिसकी पत्नी का करीब एक महीना पहले देहांत हो गया था जिसके बाद उसका बेटा सुभाष घर में सभी को मारने की धमकी देता था जो उन्हें 8 जून को पता चला कि उनके लड़के सुभाष ने उनके पोता और पोती को नशीली चीज पिलाकर लोहे के तार से गला घोटकर हत्या कर दी है जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। पुलिस चौकी मुंढाल कला के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने अभियोग में आरोपित पिता को पीजीआई रोहतक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी सुभाष पुत्र आजाद सिंह निवासी धनाना को पेश न्यायालय में किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं।

### झरवाई में रक्तदान और मेडिकल जांच शिविर आज

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के रक्तकोष, पंडित खुशीराम ट्रस्ट एवं गुगनराम सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 11 जून मंगलवार को गांव झरवाई में रक्तदान एवं निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाना एवं रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के प्रति जागरूक करना है। रक्तदान एवं मेडिकल कैम्प प्रातः नौ बजे से आरंभ होकर अपराह्न 2 बजे तक चलेगा।
इसके साथ-साथ विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डियों की जांच, नेत्र परीक्षण एवं स्त्री रोग परामर्श आदि विशेषज्ञ डॉ. हर्ष भाट्टी, डॉ. रविन्द्र कुमार की टीम द्वारा की जाएगी। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं एक वर्ष तक विशेष चिकित्सा परामर्श की सुविधा दी जाएगी। मेडिकल कैंप में दवा वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव शशि कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों को इलाज मिलता है, बल्कि युवाओं में सेवा और दान की भावना भी जागृत होती है। गुगनराम सोसायटी के सचिव डॉ. नरेश सिहाग ने ग्रामीणों से लाभ उठाने की अपील की है।

# आरोग्य आयुष्मान मंदिर रुदड़ोल में औषधीय पौधे वितरण किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग कर रहा है जागरूक

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चरखी दादरी के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ राकेश वशिष्ठ व योग कोर्डिनेटर आयुष विभाग डॉ प्रमिल फौगाट के निर्देशानुसार रुदड़ोल में स्थित आरोग्य आयुष्मान मंदिर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास ने औषधालय में आएं रोगियों को औषधीय पौधे वितरित किए। इस दौरान डॉ भूपेंद्र चांदवास ने बताया कि 21 जून को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। जिसके तहत आयुष विभाग चरखी दादरी द्वारा अनेकों प्रकार के जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

लोगों को नित्य रुप से योग प्रशिक्षण देकर योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आमजन को योग का महत्व समझाते हुए साथ-साथ औषधीय पौधे भी दिये जा रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र ने कहा कि आयुर्वेद अति प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। इसलिए आयुर्वेद और योग में एक अटूट संबंध है। डॉ भूपेंद्र ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हमे हर दिन योग करने का संकल्प तथा ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और योग युक्त - नशा मुक्त का संकल्प लेना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट किरण वर्मा,स्टाफ सदस्य राजपाल खन्ना,आशा वर्कर सीमा आदि मौजूद रही।

### कृषि क्षेत्र में आय और रोजगार की अच्छी संभावनाएं : डीडीए

■ ग्वार, बाजरा और मूंग की बिजाई का सही समय किसानों को इनकी बिजाई कर देनी चाहिए

**लोहारू।** कृषि उपनिदेशक डॉ विनोद फौगाट ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आय और रोजगार की अच्छी संभावनाए है। इसलिए किसानों को आधुनिक तकनीक से वैज्ञानिक ढंग से खेती करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उत्तम किस्म के बीज बोने चाहिए और उन्हें बोते समय बीज उपचार भी करना चाहिए ताकि अधिक पैदावार मिले। उन्होंने कहा कि ग्वार, बाजरा और मूंग की बिजाई का सही समय चल रहा है। इसलिए किसानों को बाजारा, गवार और मूंग की बिजाई कर देनी चाहिए। डॉ विनोद फौगाट ने कहा कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण भी करवाना चाहिए ताकि सरकार की योजनाओं का फायदा मिल सके। किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन करने पर ही सरकार की योजनाओं का फायदा दिया जाएगा। इसलिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सही समय पर पंजीकरण करवाना चाहिए और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को अपनी फसल का बीमा भी करवाना चाहिए । कृषि उपनिदेशक डॉ विनोद फोगाट ने कहा कि किसानों को अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। संतुलित मात्रा में ही रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए ताकि फसल की पैदावार भी अच्छी मिले।

**आदेश** सुप्रीम कोर्ट ने लोन रिकवरी के आदेश दिए

# सेवामुक्त पीटीआई और ड्राइंग शिक्षकों से वसूला जाएगा ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ लोन लेते वक्त गवाही देने वालों से की जाएगी वसूली

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद शिक्षा विभाग द्वारा सेवा मुक्त किए पीटीआई व ड्राइंग टीचरों के लिए बुरी खबर। जिन पीटीआई व ड्राइंग टीचरों ने विभाग से लोन लिया हुआ था। अब विभाग ने उसको ब्याज सहित वसूलने की तैयारी कर ली है।

विभाग ने सभी डीईओ को पत्र भेजकर इन टीचरों से ब्याज सहित ऋण वसूलने के निर्देश दिए है। अगर पदच्युत कर्मचारी ऋण की राशि नहीं देता तो जिस अध्यापक ने उस कर्मचारी की ऋण लेते वक्त गवाही दी थी। उसी शिक्षक से ऋण की राशि ब्याज सहित वसूलने के आदेश दिए है। दूसरी तरफ इस तरह का निर्देश पहुंचने के बाद पदमुक्त पीटीआई व ड्राइंग टीचरों में खलबली मच गई है। इस बारे में अधिकारियों से सम्पर्क साधने में जुट गए है। शिक्षा विभाग के निदेशक ने भेजे आदेशों में कहा गया है कि विगत में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद पीटीआई व ड्राइंग टीचरों को पद से मुक्त किया गया था। इनमें से अनेक टीचरों ने विभाग से लोन लिया हुआ था और जिस वक्त उनको सेवा मुक्त किया गया। उस वक्त तक उनके लोन की राशि पूरी नहीं हो पाई थी। अभी तक उसमें कुछ लोन की राशि बकाया है। उक्त टीचर ये लोन की राशि देने में आनाकानी कर रहे हैं। अब इन टीचरों से उक्त लोन की राशि ब्याज सहित वसूली जाए। अगर ये कर्मचारी ऋण की राशि नहीं देते तो लोन लेते वक्त जिन कर्मचारियों ने इन कर्मचारियों की गवाही दी थी। उनसे यह राशि ब्याज सहित ली जाए। गवाही देने वाला कर्मचारी ऋण की राशि देने में कोई आनाकानी लगाता है तो उसके खिलाफ अदालत में केस दायर करके यह ऋण की राशि वसूलनी होगी। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। ढिलाई व कोताही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# चीन में दमखम दिखाएगा भिवानी का छोरा

## 12वीं जूनियर एशियन वुशु चैंपियनशिप के लिए युवराज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** कोच एवं पिता भारत सूरजभान के साथ खिलाड़ी युवराज। फोटो : हरिभूमि

■ होनहार युवा खिलाड़ी 45 किलोग्राम भारवर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेगा

■ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है युवराज


खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने जा रही है। हनुमान गेट रेलवे फाटक के नजदीक कॉलोनी निवासी कवि सूरजभान के पौत्र युवराज का चयन जुलाई माह में चीन में होने वाली 12वीं जूनियर एशियन वुशु चैंपियनशिप के लिए 45 किलोग्राम भारवर्ग में हुआ है। प्रतियोगिता पूरे एशिया के श्रेष्ठ युवा वुशु खिलाड़ियों को एक मंच पर लाने जा रही है और भिवानी के युवराज इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवराज की उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है।

खेल से जुड़े विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों का कहना है कि युवराज का चयन उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतिफल है। युवराज के कोच एवं पिता भारत ने बताया कि युवराज ने पहले भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर पहले ही अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है और अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराने की बारी है। कोच भारत ने बताया कि युवराज पिछले कई महीनों से विशेष प्रशिक्षण शिविरों में अभ्यास कर तकनीकी कौशल के साथ-साथ मानसिक मजबूती पर भी ध्यान दे रहा हैं। युवराज प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

### कार्यों का डाटा पोर्टल पर सही ढंग से अपलोड करें

**भिवानी।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पंचायत विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यों का डाटा भारत सरकार और विभागीय पोर्टल पर सही ढंग से अपलोड करें।

चोपड़ा मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घरों में पेयजल के लिए कनेक्शन दिए जाते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य हर घर नल और नल से जल पहुंचाना है। इसी प्रकार से स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल कनेक्शन दिए जाते हैं।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।

## लाइफ Style



# जैस्मिन ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लिम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

## टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आई हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।

## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

*नई दिल्ली। इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*






**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।



**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपत्ति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों व कर्मचारियों को करवाया योगाभ्यास

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर स्थानीय भीम खेल परिसर में योगाचार्य द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों, योग सहायक व बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा की उपस्थिति में योगाचार्यो ने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अद्र्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतूबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, कपाल भाति का अभ्यास करवाया।

### अभिभावक बच्चों को समर कैंप में भेजें : डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद अध्यक्ष महावीर कौशिक ने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविरों की रूचिकर कक्षों में जरूरी भेंजे। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा को दिखा सके और कुछ सीखें। उपायुक्त कौशिक ने बताया की समर कैंप ग्रीष्मकालीन अवकाश की छुट्टियां 30 जून तक चलेंगी।

### कांग्रेस संगठन को मजबूती से किया जाएगा खड़ा

**भिवानी।** एआईसीसी से भिवानी जिले के पर्यवेक्षक मनोज कि चौहान ने कहा है कि भिवानी सहित हरियाणा में कांग्रेस संगठन को पुनः मजबूती से खड़ा करने की कवायद शुरु हो चुकी है, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिार्जुन खरगे और राहुल गांधी के दिशा निर्देशानुसार कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ताओं को संगठन में समायोजित किया जाएगा। कांग्रेस हाईकमान हरियाणा में संगठन जल्द से जल्द बनाने के लिए गंभीर है और मुझे जिम्मेदारी दी गई है कि मजबूत संगठन के लिए प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता से रायशुमारी की जाएगी और सारा ब्यौरा तैयार कर कांग्रेस हाईकमान के समक्ष रखा जाएगा।

### पटाखों के उत्पादन, भंडारण बिक्री व बजाने पर प्रतिबंध

**चरखी दादरी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के तहत हरियाणा प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में जनहित में सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री व फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है, ये आदेश हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने न्यायालय द्वारा जारी आदेश की अनुपालना में जारी किए हैं। जिलाधीश एवं उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि जिला में आदेश का सख्ती से पालन करना होगा।

### युवराज इलेवन ने अंकित इलेवन को हराया

**भिवानी।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में युवराज इलेवन ने अंकित इलेवन को आठ विकेट से हराया। अंकित इलेवन ने निर्धारित 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। अंकित इलेवन की तरफ से परशुराम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 59 गेदों में 59 रन बनाए। वहीं अभय मलिक ने 31, अंश महता ने 34, अक्षत ने 14 और अभिनव ने 12 रन बनाए। युवराज इलेवन की तरफ से गन्नु शर्मा ने पांच ओवर में 34 रन देकर दो विकेट ली। युवान व गर्वित ने एक-एक विकेट ली।

### गोशालाओं में सहयोग करना पुण्य का कार्य है

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। गाय में देवताओं का वास है। हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए। गाय की सेवा करना पुण्य का कार्य है। डीसी कौशिक गांव बापोड़ा स्थित पंचवीर गौशाला में गांव के स्वर्गीय पंडित सरदारामल कौशिक के परिजनों द्वारा गौशाला में बनाए गए दो गौ गृह और दो हाईमास्ट लाइटों के उद्घाटन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# दा आकवुड स्कूल के साप्ताहिक समर कैंप का रंगारंग समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**नई विधाओं को सीखने का अवसर है समर कैंप जैसी गतिविधियां : भारद्वाज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सैक्टर-13 स्थित दि आकवुड स्कूल में पिछले सप्ताह भर से चल रहे समर कैंप का बहुत ही शानदार तरीके से समापन किया गया। समर कैंप में 70 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ अनेक रोचक कलाओं को सीखने का शानदार प्रयास किया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सामान्य पढ़ाई लिखाई से अलग नई विधाओ को सीखने तथा जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इसके अतिरिक्त बच्चे इस कैंप में अधिक से अधिक अपनी गतिविधियों को आनंदपूर्वक संपन्न करें यह भी सुनिश्चित किया गया था।

### बच्चों को स्विमिंग पूल पर तैरने का आनंद लेने का मौका दिया

**प्रत्येक दिन नई गतिविध करवाई**

विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने बताया कि यह समर कैंप 7 दिन के लिए सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया था, जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां निश्चित की गई थी, परंतु जुंबा डांस, योग, ड्राइंग, कराटे,सेल्फ डिफेंस जैसी गतिविधियों को प्रतिदिन आयोजित किया गया ताकि बच्चे उसमें निपुणता हासिल कर पाए। उन्होंने बताया कि कैंप में मुख्य रूप से ड्राइंग के विभिन्न रूप,स्टोरी टेलिंग, टंग ट्विस्टर्स, पिक्चर स्टोरी राइटिंग, शूटिंग, पूल पार्टी, विज्ञान से संबंधित प्रयोग,क्विज, हूला हूप,टग आफ वार, कुकिंग विदाउट फायर,म्यूजिकल चेयर,आदि अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



भिवानी। समर कैम्प में स्वीमिंग पुल में नहाते बच्चे।

**सभी अभिभावकों का धन्यवाद जताया**

*गतिविधियों को चयनित करते समय इस बात का मुख्य ध्यान रखा गया था कि बच्चे मनोरंजन के साथ-साथ अपने जीवन में काम आने वाली नए कौशल को भी विकसित कर सकें। अंतिम दिन शाम के समय सबसे पहले बच्चों को स्विमिंग पूल पर तैरने का आनंद लेने का मौका दिया गया। तत्पश्चात म्यूजिकल चेयर, होला हूप,टग आफ वार तथा डीजे नाइट का आनंद लेने का मौका दिया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह व मैनेजमेंट सदस्य विक्रम राणा व मानवेंद्र सिंह ने भी बच्चों के साथ-साथ सभी अभिभावकों का धन्यवाद व्यक्त किया तथा भविष्य में होने वाले सभी कार्यक्रमों में और अधिक जोश से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के आचार्यगण का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने अथक प्रयास से इस कैंप को शानदार तरीके से आयोजित किया।*

### गर्मी में हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियात

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए हिदायतें जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। पशुपालक अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखें। दिन में चार-पांच पानी पिलाए और पेड़ की गहरी छांव में रखें। एसडीएम ने लोगों से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई हिदायतों की पालना करें।

**संत शिरोमणि कबीरदास जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली प्रभात फेरी**

# संत कबीरदास ने रूढ़ियों-अंधविश्वासों पर किया करारा प्रहार : भवानी प्रताप

**प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बावड़ी शिवधानक धर्मशाला में हुई संपन्न, संत कबीरदास महान कवि होने के साथ थे समाज सुधारक: कौशिक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

संत शिरोमणि कबीरदास जयंती के उपलक्ष्य में शिव धानक धर्मशाला बावड़ी गेट द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई और भंडारा लगाया गया। धर्मशाला के प्रधान अनिल डाबला, उपप्रधान अनिल पेंटर, भगवानदास कालिया, सुरेंद्र इंदौरा व अशोक तुरकिया ने बताया कि सुबह सात बजे प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को भिवानी नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो बावड़ी गेट से शुरू होकर तेलीवाड़ा, डोभी तालाब, लोहड़ चौपटा, नया बाजार, सराय चौपटा, हालु बाजार, पतराम गेट, हालुवास गेट, हनुमान गेट, दादरी गेट से होती हुई वापस धर्मशाला में ही संपन्न हुई। इसके उपरांत सवा 11 बजे भंडारे का आयोजन किया, जिसकी शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। इस अवसर पर अशोक बामणिया, सतीश तुरकिया, प्यारेलाल कायत, रमेश पचेरवाल, पुष्कर लडवाल, आचार्य बिजेंद्र सोलंकी, पूर्णसिंह फौजी, प्रधान पप्पू नागर, निर्मला देवी, कृष्णा देवी, संतोष, फूलपति, कविता आदि मौजूद रहे।



भिवानी। संत शिरोमणि कबीरदास की प्रतिमा पर मालार्पण करते लोग। फोटो: हरिभूमि

**समाज सुधारक भी थे संत कबीर**

*इस मौके पर नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व कौशिक ने कहा कि संत कबीरदास महान कवि होने के साथ ही एक समाज सुधारक भी थे। उन्होने समाज में व्याप्त रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों पर करारा व्यंग्य किया। उन्होंने धर्म का संबंध सत्य से जोड़कर समाज में व्याप्त रूढ़िवादी परंपरा का खंडन किया। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ जनजागरण पैदा करने का अथक प्रयास किया। सत्य एवं अहिंसा का संदेश देने वाले संत कबीरदास के दोहे सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनकल्याण की अलख जगाते है। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास महाराज की शिक्षाओं से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के लिए ऐसे कार्यक्रम सराहनीय है, जिनका समय-समय पर आयोजन जरूरी है।*

### लाडो-एक नई पहल संगठन ने संत शिरोमणि कबीर जयंती पर की पशु सेवा

**भिवानी।** संत शिरोमणि कबीर साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में लाडो-एक नई पहल संगठन ने सेवा, करूणा एवं समानता का संदेश देते हुए सराहनीय पहल की। संगठन के सदस्यों ने भिवानी शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में गायों को गुड़ व हरा चारा, अन्य पशु-पक्षियों को गेहूं, बाजरा, फल, बिस्कुट खिलाकर सेवा कार्य किया। संगठन सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर बेसहारा और भूखे पशु-पक्षियों की सेवा की। इस मौके पर युवा समाजसेवी अमरदीप लाड़वाल ने कहा कि कबीर साहेब के जीवन में करूणा, समानता और सेवा मूल सिद्धांत रहे, उन्हीं के सिद्धांतों पर चलते हुए ये सेवा कार्य किया जा रहा हैं। जीवों की सेवा ही सच्ची मानवता है और संगठन आगे भी ऐसे सेवाभाव से जुड़े कार्यक्रम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पशु सेवा की दिशा में किए गए कार्य न केवल कबीर साहेब की शिक्षाओं को जीवंत करते है। इस अवसर पर राजपाल, बलजीत नागर, अमर राजपूत, सुरेंद्र सिवाच, कृष्ण दुबलधनिया, सौरव खनगवाल आदि मौजूद रहे।



भिवानी। घंटाघर चौक पर पानी की शिकायत करने जाते पार्षद बिल्लु बादशाह।

# वॉल कवर न होने के कारण आ रहा है गंदा पानी: बादशाह

- 15 जून से घंटा घर पानी की टंकी पर बैठकर करेंगे आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दिनोद गेट स्थित सप्लाई का पानी छोडने वाली वॉल पर कवर न लगाने से वहां गंदा पानी करने के कारण क्षेत्रवासियों के घरों में हो रही गंदे पानी की स्पलाई को लेकर लगातार 8वीं बार पार्षद बने गोविन्द राम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह ने विरोध जताते हुए कहा कि इसके बारे में पहले भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपा जा चुका है लेकिन इसका कोई समाधान नहीं हो रहा। उन्होंनें जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि सप्लाई की वाल को कवर लगाया जाए ताकि इसमें गंदा पानी न घुस सके।

उन्होंने कहा कि एक तरफ तो गर्मी अपना भीष्ण रूप लेती जा रही है वहीं दूसरी तरफ घरों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिसके कारण यहां के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। गंदे पानी के कारण यहां अनेक प्रकार की बीमारियों के पैदा होने का खतरा बना हुआ है। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर समाधान शिविर में उपायुक्त महावीर कौशिक को पत्र सौंपा जा चुका है।

**15 को बैठेंगे पानी की टंकी के उपर**

बिल्लू बादशाह ने कहा कि अगर शीघ्र से शीघ्र उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे 15 जून से घंटा घर स्थित पानी की टंकी पर बैठकर आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की होगी। पार्षद बिल्लू बादशाह ने बताया कि शहर के मुख्य चिडिया घर जलघर से सुबह शहर में पेयजल आपूर्ति शुरू की जाती है लेकिन कई मुख्य गलियों में पानी नहीं पहुंच पाता। जिसका मुख्य कारण जलघर में लोहड बाजार में सुबह 4 से लेकर 5: 30 बजे और हालू बाजार में सुबह 5:30 से लेकर 7 बजे तक सप्लाई चलाई जाती है। जब तक पूरे प्लांट की 6 मोटरें चलती हैं तब तक आखिरी छोर तक पानी पहुंच जाता है लेकिन काफी समय से 3 ही मोटरें चलाई जा रही हैं।

# राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें: बिरेंद्र सिंह

- भिवानी पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में अराजकता का माहौल पैदा कर दिया है और लोगों को जात-पात व धर्म के नाम पर बांटकर देश की एकता एवं अखंड़ता को तोड़ने का काम किया है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ही ऐसे नेता है, जो निर्भीक होकर देश को तोड़ने वाली ताकतों का सामना कर रहे है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहते हुए पार्टी व राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक मंच पर आकर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने का काम करें, ताकि देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देकर देश में शांति, अमन व भाईचारे को कायम रखा जा सकें, जिससे देश को नई ताकत मिले। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहली बार कांग्रेस कार्यालय हरियाणा में आए है, इसका असर प्रदेश में ही नहीं आसपास के प्रदेशों में भी पड़ेगा और एक नई कांग्रेस हरियाणा में खड़ी होगी, जिसमें न कोई धड़ा होगा, न कोई खेमे बंदी होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, कमल सिंह प्रधान, राजसिंह गागड़वास, अधिवक्ता ब्रह्मानंद, अशोक सिवाच, दीपेश सारसर, रघुवीर रंगा, भरपूर धनखड़ आदि मौजूद रहे।



भिवानी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

### खरीफ फसल कपास का बीमा लेकर रहेंगे

**भिवानी।** खरीफ फसल कपास 2023 के बीमा क्लेम को लेकर जनजागृति अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। जत्थे का नेतृत्व जिला उपप्रधान सूबेदार धनपत सिंह व करण सिंह जैनावास ने किया। अखिल भारतीय किसान सभा ने गोकुलपुरा, सुरपुरा कलां, सुरपुरा खुर्द, पातवान, सोरडा कदीम व जदीद, शहजादपुर, शहजमानपुर, सिरसी व ढाणी बहल के सैकड़ो किसानों को घोटालो से अवगत करवाया।

किसानों की रोजमर्रा की समस्याओं से रूबरू होते हुए जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने बताया कि खरीफ फसल 2023 कपास का बीमा सीसीई के अनुसार 300 करोड़ रूपये बना था परंतु अगस्त 2024 में सैटलाइट इमेजिंग के नाम यह बीमा मात्र 89 करोड रुपए कर दिया गया।

# छप्पार जोगियान में हटवाया अवैध कब्जा

- सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी का नहीं छोड़ा जाएगा
- बीडीपीओ विनोद सांगवान के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस टीम ने सयुंक्त रूप से सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

प्रशासन और पुलिस टीम ने सयुंक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मंगलवार को छप्पार जोगियान में पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटवाया है। एसडीएम डॉ. नैन ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी का नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महावीर कौशिक द्वारा जारी सरकारी हिदायतों के अनुसार सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटवाने के आदेश दिए गए हैं। इनमें स्पष्ट तौर पर कहा कि जिला में सरकारी/पंचायती जमीन पर कब्जा करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी अनुमति किसी को नहीं है।

राजस्व और पंचायत विभाग आपसी तालमेल करके पुलिस विभाग के सहयोग से उपमंडल में सरकारी जमीनो के अवैध कब्जे हटवाने सुनिश्चित कर रहे हैं। एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरकारी आदेशों का पालन करते हुए पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाया जा रहा है। डॉ. नैन ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का अधिकार किसी को भी नहीं है। बीडीपीओ विनोद सांगवान के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस टीम ने सयुंक्त रूप से सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए गए हैं।



तोशाम। गांव छप्पार जोगियान में अवैध कब्जा हटवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने कबीरदास की जयंती पर लगया नेत्र जांच शिविर

- आंखों की बीमारियों को अनदेखा करने के भविष्य में भुगतने पड़ते दुष्परिणाम : डॉ. एडविन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

संत शिरोमणि कबीरदास जयंती की पूर्व संध्या पर पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने जनसेवा का कार्य किया। जयंती के उपलक्ष्य में लगाए शिविर में पूर्व प्रधान चिकित्सा अधिकारी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एडविन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था एवं दवाईयां आदि का खर्च वहन किया। डॉ. एडविन ने उपस्थित लोगों को नेत्र रोगों से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। डॉ . एडमिन ने कहा कि नियमित जांच, संतुलित आहार और आंखों की उचित देखभाल से मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसे रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी आंखों की बीमारियों को अक्सर अनदेखा कर देते है, जिसके भविष्य में गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते है।



भिवानी। मरीजों की आंखों की जांच करते डॉ. एडमिन, साथ में सुरेंद्र संभ्रवाल। फोटो: हरिभूमि

**अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज ने किया बैठक का आयोजन**

# सुनील जोगी को युवा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हांसी गेट स्थित रेस्तरां में अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज हरियाणा की बैठक संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयानंद ढांडा पानीपत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर मंथन किया गया।

संगठन के प्रदेश महासचिव योगी वेदप्रकाश लाम्बा के प्रस्ताव पर सुनील जोगी उर्फ सोनू जोगी दिनोद को सर्वसम्मति से संगठन की युवा ईकाई का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं मनोज जोगी बौंद को युवा प्रदेश महासचिव व बलराज जोगी को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया, जिसकी हाउस में सर्वसम्मति स्वीकृति दी और उन्हें फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।



भिवानी। अखिल भारतवर्षीय नाथ समाज हरियाणा की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

**मनोज जोगी को युवा प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी**

सुनील जोगी उर्फ सोनू जोगी दिनोद को सर्वसम्मति से संगठन की युवा ईकाई का प्रदेशाध्यक्ष, मनोज जोगी बौंद को युवा प्रदेश महासचिव व बलराज जोगी को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप नाथ, प्रांतीय अध्यक्ष सूरजभान कुरुक्षेत्र, दयानंद ढांडा, वेद प्रकाश लांबा व जयभगवान जोगी सरपंच दिनोद सहित अनेक पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया। बैठक को राष्ट्रीय महासचिव अनूपनाथ ने सम्बोधित करते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, एकता एवं संगठन के विस्तार पर बल दिया। बैठक को प्रांत अध्यक्ष सुरजभान कुरुक्षेत्र ने संबोधित करते हुए राज्य में संगठन द्वारा किए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रांतीय महासचिव योगी वेदप्रकाश लाम्बा ने किया। बैठक में गांव दिनोद के सरपंच जयभगवान जोगी, रामअवतार जोगी रेवाड़ी, जयभगवान चैयरमैन दरियापुर बादली, जयभगवान बिसला दिनोद, राजेंद्र जाटू, राममेहर मंगाली, संजय योगी पत्रकार, कमल चौहान हिसार, रविंद्र सिहाग हांसी, संदीप तंवर जुई, प्रेमानंद, हरिओम जोगी गन्नोर, संतराम टांक, अमित जोगी, पवन जोगी जीन्द, सुभाष चिडाना पानीपत, पवन जोगी करनाल, सुबेदार भूपराम फरीदाबाद आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भाविप का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**बहल।** भारत विकास परिषद शाखा बहल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। परिषद अधिकारियों ने शाखा पदाधिकारियों को परिषद के जनहित में किए जाने वाले विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी व पदाधिकारियों को उनके दायित्व के प्रति निष्ठावान भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई।

### पात्रों को मिले मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभः डीसी

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर पंचायत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### पेड़ लगाने से महत्वपूर्ण है देखभाल करना : डीईओ

**तोशाम।** पेड़-पौधों से ही पृथ्वी हरी-भरी रहती है यही हमारे जीवन का आधार है। उक्त शब्द जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने तोशाम के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए कहे। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र ने कहा कि हर अध्यापक को अपने जीवन मे बार-बार पौधारोपण करना चाहिए क्योंकि अध्यापक ही वास्तव में समाज का निर्माता होता है।

### योगासन में हर्ष ने जीता दूसरा स्थान

**भिवानी।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योग की अहम भूमिका होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो एकाग्रता से कड़ी मेहनत करते हुए योग के क्षेत्र में आगे बढ़े। पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाने में वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही है, ये बात वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही।

### रक्तदाताओं को सम्मानित करते एसडीएम

**बहल।** श्री श्याम ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के प्रथम स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में एसडीएम लोहारू मनोज दलाल ने रक्तदाताओं की हौंसलाफजाई व बैज लगाकर सम्मानित किया।

### जिले में लगाए जाएंगे लाखों पौधें

**चरखी दादरी।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत जिला में अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने इस बारे में कहा कि सभी विभाग इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे आगे बढ़ाने में योगदान देने का कार्य करें।

### एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की समीक्षा की

**बाढडा।** बाढडा कस्बे में विभाग व सरकार के निर्देशानुसार इन दिनों एक पेड़ मां के नाम अभियान का संचालन विभिन्न राजकीय विद्यालयों व अन्य विभागों के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। वन विभाग के साथ तालमेल मिलाकर इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा पेड रोपित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### एसडीएम ने विद्यार्थियों को स्वयं योग करवाया

**बाढ़डा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जिले और राज्य भर में जोर-शोर से चल रही हैं। इसी उपलक्ष्य में गांव कारी दास के बालाजी मंदिर में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन सरपंच कर्मवीर व शारीरिक शिक्षक प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

---

### क्षेत्र के कई जोहड़ों को खुदाई के बाद से ही पानी का इंतजार

# अनेक गांवों के करीब 150 जोहड़ सूखे, पशु-पक्षी प्यासे

#### बोरवेल से की जा रही पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ढिगावा मंडी

तेजी से घटते जलस्तर और बढ़ते तापमान के साथ ही जोहड़-तालाब सूख रहे हैं, जिसकारण पशु-पक्षियों के लिए पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। राजस्थान सीमा से सटे लोहारू हलके के तीनों ब्लॉक सिवानी, बहल और लोहारू के साथ-साथ ढ़िगावा मंडी बिल्कुल शुष्क क्षेत्र है। यहां पानी की कमी के कारण गांवों के जोहड़-तालाब या तो बिल्कुल सूख चुके या बोरवैलों से पानी डाला जा रहा है।

लोहारू, बहल और ढिगावा मंडी क्षेत्र के करीब 50 गांवों के करीब 150 जोहड़ पानी की बांट जो रहे हैं। कई जोहड़ तो खुदाई के बाद से ही पानी का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र के करीब तीन दर्जन जोहड़ों में नहर की सप्लाई का पानी डाला जाता है, बाकी जोहड़ सूखे पड़े हैं। लोहारू व ढिगावा क्षेत्र में पिछले काफी समय से नहरी पानी नहीं पहुंचने के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जोहड़ सूखकर मैदान की तरह नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर कुछ पानी की व्यवस्था की, ताकि गर्मी के प्रकोप के चलते पशु-पक्षियों को पानी की समस्या से कुछ राहत मिल सकें। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई सालों से क्षेत्र की नहर में पानी नहीं आया था। बीच में दो-चार बार पानी आया, लेकिन अब फिर वहीं स्थिति बन चुकी है। सरकार की आखिरी टेल तक नहरी पानी पहुंचाने की योजना के फलस्वरूप पानी जरूर आया, लेकिन योजना क्षेत्र के लिए कारगर साबित नहीं हुई।



**ढिगावा मंडी।** गांव खरकड़ी बावनवाली में मनफरा नकीपुर रोड पर सूखा पड़ा जोहड़। *फोटो : हरिभूमि*

#### आज भी दर्जनों गांवों के दर्जनों जोहड़ सूखे पड़े

लोहारू, ढिगावा मंडी, बहल और सिवानी राजस्थान सीमा से सटा रेगिस्तानी इलाका है। गिरते भूमिगत जल स्तर को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को लोहारू, ढिगावा मंडी, बहल, सिवानी क्षेत्र की माइनरों में कुछ समय के अंतराल पर पानी छोड़ना चाहिए, ताकि जोहड़-तालाबों को पानी से भरकर बढ़ते तापमान से पशु-पक्षियों को निजात मिल सके व जल संकट को रोका जा सके। आज भी दर्जनों गांवों के दर्जनों जोहड़ सूखे पड़े हैं, जिनमें नहर या नलकूपों का पानी डालने की कोई व्यवस्था नहीं है।

---

## बाल विवाह पर रोक के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

गांव हुई में बाल विवाह को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नाबालिग बच्चों के विवाह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। न्यायाधीश व सचिव संजीव काजला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के निर्देशानुसार गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को गांव हुई में भी पैरा लीगल वालिंटियर अधिकार रक्षक जितेंद्र डांडमा ने बाल विवाह को लेकर जागरूकता शिविर लगाया। बाल विवाह के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अधिकार रक्षक जितेंद्र डांडमा ने कहा कि सरकार द्वारा य -समय पर लगाए जा रहे शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। छोटी उम्र में बच्चों की शादी करना कानूनी रूप से अवैध होने के साथ -साथ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। शिविर में बताया कि कोई भी व्यक्ति यदि बाल विवाह करता पाया गया तो उसे सजा मिल सकती है, इसलिए बाल विवाह पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को शिक्षित होने की जरूरत है लोगों को शिक्षित नहीं होने के कारण ही समाज में बाल विवाह हो रहे है।



**बाढड़ा।** गांव हुई में बाल विवाह को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र डांडमा। *फोटो : हरिभूमि*

---

## पुलिस का नशा तस्करों पर धावा चौथे दिन भी ऑपरेशन क्लीन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिए पुलिस प्रयास कर रही है। नशीले पदार्थों और उन्हें बेचने वालों की तलाश में उनका 'ऑपरेशन क्लीन' चौथे दिन भी पूरे जोश के साथ जारी है। पुलिस हर संदिग्ध व्यक्ति पर पैनी नजर रखे हुए है जो नशे की दलदल में फंसा है या दूसरों को इसमें धकेल रहा है। मंगलवार को थानों और पुलिस यूनिट ने अलग-अलग जगहों पर रेड की। सीआईए स्टाफ की टीम ने गांव मौड़ी में संदिग्ध ठिकानों को खंगाला और ग्रामीणों से बात की ताकि संदिग्ध लोगों का पता लगाया जा सके। वहीं थाना सदर पुलिस टीम ने गांव छपार में नशेड़ियों और तस्करों की तलाश जारी रखी। थाना झोझूकलां पुलिस टीम ने भी गांव आदमपुर में व सिटी थाना पुलिस बाल्मीकि बस्ती में नशा करने वालों और बेचने वालों के ठिकानों को बारीकी से चैक किया।



**चरखी दादरी।** मौड़ी गांव ने तलाशी लेते सीआईए टीम। *फोटो : हरिभूमि*

---

### दुष्यंत चौटाला को जजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने पर दी बधाई

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी ने आज संगठन का विस्तार करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला को जजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जि6मेवारी सौंपी है। जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी है तथा पार्टी हाईकमान द्वारा निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जि मेवारी सौंपने पर आभार जताया है। कस्बे के पार्टी कार्यालय में जजपा जिला प्रेस प्रवक्ता राजेंद्र सिंह हुई के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज संगठन के विस्तार में पूर्व उपमु2यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला को लगातार दूसरी बार जजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जि6मेवारी सौंपी है जिससे प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं में खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है।

---

## कबड्डी में बापोड़ा की टीम विजेता

- नशा जैसी सामाजिक बुराई को जागरूकता व एकजुटता से किया जा सकता खत्म : डीएसपी आर्यन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के जिला कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र में नॉन स्टॉप हरियाणा-स्वच्छ हरियाणा-नशा मुक्ति हरियाणा-शिक्षित हरियाण-विकसित हरियाणा की मुहिम के तहत कबड्डी मैच का का आयोजन करवाया जा रहा है। रोजाना विभिन्न टीमों के बीच बड़े ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे है।

प्रतियोगिता का आयोजन ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ के दिशा-निर्देश अनुसार करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भिवानी व बापोड़ा की टीम के बीच मैच खेले गए, जिसमें बापोड़ा की टीम ने जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्यतिथि उपपुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) आर्यन चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप लीडर सागर सज्जर सिंह व मंच संचालन सह ग्रुप लीडर अमित ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सीनियर रोवर नितेश कुमार ने डीएसपी हेडक्वार्टर को सम्मान गार्ड के रूप में सलामी दी। इस मौके पर श्रीमहावीर जैन स्कूल की प्राचार्या एवं गाइड एवं रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने कबड्डी मैच के बारे में डीएसपी को विस्तारपूर्वक बताया। मुख्यतिथि डीएसपी ने कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।



**भिवानी।** खिलाड़ियों से परिचय लेते डीएसपी आर्यन चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

---

## जेबीटी शिक्षकों के निपुण प्रशिक्षण का आगाज

- केआरपी की टीम ने संभाली जिम्मेदारी
- भिवानी डाईट से प्रवक्ता मोनिका ने पहुंचकर उपस्थित जनों में भरा जोश

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन के प्राथमिक शिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण के आगाज के दूसरे दिन भिवानी डाईट प्रवक्ता मोनिका ने पहुंचकर शिक्षकों को मोटिवेट किया। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि प्रथम बैच में लगभग 40-40 शिक्षकों के दो बैच बनाए गए हैं जो खंड सहित अन्य खंड से आए हैं उनके लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।



**बवानीखेड़ा।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत आयोजित शिविर में उपस्थित शिक्षक।

#### केआरपी निभा रहे अहम भूमिका

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9 जून से शुरू होकर 13 जून तक चलने वाले 5 दिवसीय प्रशिक्षण में केआरपी के रूप में एबीआरसी सुभाष चन्द्र, कृष्ण कुमार, सत्यवान, बबीता, विजय, अंजू, राज कुमारी ने अपनी अहम भूमिका अदा की। सभी केआरपी कुरूक्षेत्र पहुंचकर 8 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण देने में लगे हुए हैं। खंड एफएलएन कोर्डिनेटर कृष्ण कुमार द्वारा खंड के शिक्षकों का तमाम डाटा तैयार करके विभाग को सुपुर्द कर रहे हैं वहीं व्यवस्था प्रबंधन विद्यालय लिपिक महेश कुमार द्वारा संभालने का कार्य किया जा रहा है।

#### कौशल विकास की गतिविधियां बताई

केआरपी द्वारा प्रशिक्षण में शिक्षकों को साझा पठन, लोगोग्राफी पठन, आदर्श, मार्गदर्शन, स्वतंत्र पठन, कहानी की किताबें उलटना पलटना, पुस्तकालय की किताबें पढ़ना आदि की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण करने पश्चात तमाम जानकारी विद्यार्थियों संग साझा करनी है ताकि वे इसे जीवन में उतार सकें। वहीं प्रशिक्षण में बकरी और कमरे की एक्टीवीटी ने सभी का मन मोह लिया।

---

## छात्रों के सर्वांगीण विकास में योग की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा खेल विभाग द्वारा ताऊ देवीलाल खेल परिसर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के छात्र हर्ष ने दूसरा स्थान प्राप्त कर लहराया परचम,महाविद्यालय पहुंचने पर छात्र हर्ष को किया गया सम्मानित। विधार्थियों के सर्वांगीण विकास में योग की अहम भूमिका होती है। विधार्थियों को चाहिए कि वो एकाग्रता से कड़ी मेहनत करते हुए योग के क्षेत्र में आगे बढ़े।पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाने में वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही है ये बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी में महाविधालय के छात्र हर्ष द्वारा हरियाणा खेल विभाग द्वारा ताऊ देवीलाल खेल परिसर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने के पश्चात महाविद्यालय लौटने पर उसे सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेकर वरिष्ठ स्थान पाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। महाविद्यालय के छात्र हर्ष की इस सफलता पर वैश्य महाविद्यालय परिवार ने उसे बधाई दी।



**भिवानी।** योगासन में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

#### छात्र हर्ष को किया सम्मानित

महाविद्यालय की योगा इंचार्ज डॉ रीना ने छात्र हर्ष को बधाई देते हुए बताया की हरियाणा खेल विभाग द्वारा ताऊ देवीलाल खेल परिसर सेक्टर 1 पंचकूला में 2 जून से 4 जून 2025 तक राज्य स्तरीय योगासन का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र हर्ष ने 14 से 18 आयु वर्ग के लड़कों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ मोहनलाल एवं कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज ने छात्र हर्ष को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रतिभा का सम्मान करने से उन्हें आगे बढ़ने का जज्बा मिलता है। उन्होंने कहा की महाविधालय प्रबंधन के साथ मिलकर महाविधालय के विद्यार्थियों को योगा में आगे बढ़ने के लिए किसी भी सुविधाओं से वंचित नही रहने दिया जाएगा।

---

## एससी आयोग दे रहा है घर-घर दस्तकः बिजेंद्र

- हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बडग़ुजर ने जीतूवाला जोहड़ फाटक क्षेत्र में सुनी नागरिकों की समस्याएं
- 14 जून को पंचायत भवन भिवानी में आयोजित होने वाले हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के लिए दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बडग़ुजर ने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए एससी आयोग का गठन किया गया है। एससी वर्ग के लोगों की समस्याएं जानने व उनका समाधान के लिए आयोग घर-घर दस्तक दे रहा है। इसी के चलते 14 जून को पंचायत भवन भिवानी में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें एससी वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। श्री बडग़ुज्जर स्थानीय जीतूवाला जोहड़ क्षेत्र में खुला दरबार लगाकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शोषण के विरूद्घ आवाज उठाकर एससी आयोग के समक्ष अपना पक्ष रख सकता है। नागरिकों द्वारा रखी जाने वाली शिकायतों पर आयोग द्वारा ठोस कदम उठाएं जाते हैं। उन्होंने कहा कि एससी आयोग अनुसूचित वर्ग के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्घ है। एससी वर्ग के लोगों के साथ में किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि 14 जून को पंचायत भवन भिवानी में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन होगा, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याएं भी सुनी जाएंगी और कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिक अपने विचार प्रकट करेंगे।

---

### अखिल भारतीय किसान सभा ने किया सनसनीखेज खुलासा

# सरकार और अधिकारियों ने किया करोड़ों का घोटाला

- किसान खरीफ फसल कपास 2023 का बीमा क्लेम लेकर रहेंगे : जगरोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

खरीफ फसल कपास 2023 के बीमा क्लेम को लेकर जनजागृति अभियान मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। जत्थे का नेतृत्व जिला उपप्रधान सूबेदार धनपत सिंह व करणसिंह जैनावास ने किया। अखिल भारतीय किसान सभा ने गोकुलपुरा, सुरपुरा कलां, सुरपुरा खुर्द, पातवान, सोरडा कदीम व जदीद, शहजादपुर, शहजमानपुर, सिरसी व ढ़ाणी बहल के सैंकड़ों किसानों को घोटालो से अवगत करवाया। सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने बताया कि खरीफ फसल 2023 कपास का बीमा सीसीई के अनुसार 300 करोड़ रूपये बना था, लेकिन अगस्त 2024 में सैटलाइट इमेजिंग के नाम ये बीमा मात्र 89 करोड रुपये कर दिया गया, जिस स्टेट लेवल की कमेटी ने ये कटौती की, वह 20 अगस्त 2024 को अस्तित्व में नहीं थी। इस कमेटी का कार्यकाल एक अगस्त 2024 को समाप्त हो गया था, लेकिन सरकार व अधिकारियों ने मिलीभगत करके भिवानी जिले का 211 करोड़ रुपये व दादरी जिले के 150 करोड़ रुपये का घोटाला कर दिया। अखिल भारतीय किसान सभा इसकी न्यायिक जांच की मांग करती है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनका हक 211 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम मिलना चाहिए। पिछले दिनों बैमौसम वर्षा के बाद किसान ग्वार की फसल बोना चाहता था, लेकिन डीएपी खाद उपलब्ध न होने के कारण ग्वार नहीं बो पाया। मानसून वर्षा शुरू होने से पहले डीएपी उपलब्ध करवाई जाए। एक से डेढ़ वर्ष तक के बकाया ट्यूबवैल कनेक्शन जारी किए जाएं। गारंटी पीरियड में ट्रांसफार्मर जलने पर तुरंत किसान को दूसरा ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया जाए।



**भिवानी।** किसानों को संबोधित करते किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन।

#### ये उठाई मांग

कर्णसिंह ने कहा कि बीकानेर से आने वाली हाई वोल्टेज लाइनों के लिए टावर लगाने से पहले टावर की जमीन व फसल का मुआवजा दिया जाए, अन्यथा किसान टावरों को खड़ा नहीं करने देंगे। पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाए, एनसीआर क्षेत्र में डीजल वाहन की 10 वर्ष की अवधि वाले कानून से ट्रेक्टर को बाहर रखा जाए। सभी कृषि उपकरणों को जीएसटी मुक्त किया जाए। किसान के ड्राइवर लाइसेंस में अनावश्यक शर्तों को हटाया जाए।

डॉ. आर. पी. शर्मा अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612